फर्द अहकाम

मंदिर श्री नृसिंह भगवान घासीपुरा **बनाम** लल्लूलाल

विशेष [illegible]म न्यायालय : सहायक कलक्टर, बस्सी

[रा]जस्व वाद/प्रार्थना पत्र/मुकदमा नम्बर : प्रार्थना पत्र संख्या 116/2023

[क्र]म संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	07.01.25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। अप्रार्थी सं0 1 लगायत 6 के विरुद्ध मूलवाद में सम्यक तामील मानी जाकर एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई है। प्रार्थी अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा पर बहस करने हेतु निवेदन किया। प्रार्थी अधिवक्ता की अस्थायी निषेधाज्ञा पर एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन करने एवं प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा दौराने बहस जाहिर तथ्यों पर मनन करने के उपरान्त न्यायहित को ध्यान में रखते हुऐ वादग्रस्त आराजी ख0नं0 72 रकबा 0.9104 है0, 73 रकबा 0.0632 है0 स्थित ग्राम घासीपुरा पटवार हल्का दनाउकलां भू0अ0नि0 तूंगा तह0 तूंगा जिला जयपुर के संबंध में उभयपक्षों को जरिये अस्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द कि उभयपक्ष उक्त वादग्रस्त आराजी पर मूलवाद 128/2023 मंदिर श्री नृसिंह भगवान घासीपुरा बनाम लल्लूलाल के निर्णय तक मौके एवं रिकार्ड की यथास्थिति बनाये रखें। पत्रावली फैसल सुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर होकर नम्बर से कम हो। सहायक कलक्टर बस्सी, जिला जयपुर	